You
Today at 20:10

प्रेषक ,
नोडल अधिकारी,भूगर्भ जल विभाग/
सदस्य ,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्,
जनपद -गौतमबुद्ध नगर।

सेवा में ,
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (जल),
नोएडा विकास प्राधिकरण ,
मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6
नोएडा।

पत्रांक:- 1078/भू०ज०वि०/एक्ट(एनओसी)/नो०अधि०/गौतमबुद्धनगर ,दिनांक 26/03/2025

विषय :- तालाबों के माध्यम से भूगर्भ जल पुनर्भरण किए जाने हेतु वांछित सूची /सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय ,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या 1026/ भू०ज०वि०/एक्ट(एनओसी)/नो०अधि०/गौतमबुद्धनगर ,दिनांक 27/01/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा यह अवगत कराया गया था कि उद्योगों/संस्थाओं/अवसरचनात्मक/सामूहिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन और विनियम) अधिनियम-2019 में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में भूजल पुनर्भरण के शेष वांछित मात्रा को पूरा करने हेतु आवश्यक क्षेत्रफल का तालाब का अधिग्रहण करते हुए भूजल पुनर्भरण कराने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के संबंध में कई उपभोक्ताओं द्वारा यह संज्ञान में लाया गया कि भूजल पुनर्भरण हेतु आवश्यक तालाबों की सूची/ विवरण के अभाव में तालाबों के अधिग्रहण में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा। इस क्रम में कुछ उद्योगों की सूची प्रेषित की गयी थी।

उपरोक्त के क्रम में यह अवगत कराना है कि वांछित उद्योगों द्वारा तालब के जीर्णोद्धार संबन्धित समस्त कार्य जैसे गाद और अपशिष्ट को हटाना, जल प्रतिधारण को बढ़ाना, जैव विविधता को बढ़ावा देना और तालाब के प्राकृतिक पारिस्थिति की तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए आगे की गिरावट को रोकना, सौंदर्यीकरण, सूखे कूड़े को निकालना इत्यादी कार्य शामिल रहेंगे।

अत: उपरोक्त के संबंध में आपसे सविनय निवेदन है कि कृपया संलग्न सूची में वर्तमान में भूगर्भ जल के एनओसी धारक उपभोक्ताओं को अपने सक्षम स्तर से तालाबों के आवंटन हेतु सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे भूजल पुनर्भरण का कार्य प्रभावी रूप से संपादित किया जा सके।

नोडल अधिकारी,भूगर्भ जल विभाग /
सदस्य ,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्
जनपद – गौतमबुद्धनगर

पत्रांक: /तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1-जिलाधिकारी/अध्यक्ष,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्, गौतमबुद्धनगर के सादर संज्ञानार्थ।
2-मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य सचिव, भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद् गौतमबुद्धनगर के सादर संज्ञानार्थ।
3-श्री अभीष्ट कुसुम गुप्ता /सदस्य, जिला आद्रभूमि समिति को सूचनार्थ हेतु।

नोडल अधिकारी, भूगर्भ जल विभाग /
सदस्य ,जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद्
जनपद – गौतमबुद्धनगर।